सत्यमेव जयते

Annual Report 2012-2013

INTELLECTUAL PROPERTY
INDIA

THE OFFICE OF THE CONTROLLER GENERAL OF PATENTS, DESIGNS, TRADE MARKS AND GEOGRAPHICAL INDICATION

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF COMMERCE & INDUSTRY
DEPARTMENT OF INDUSTRIAL POLICY AND PROMOTION

सत्यमेव जयते

वार्षिक प्रतिवेदन 2012-2013

बौद्धिक सम्पदा
भारत

कार्यालय महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प, व्यापार चिह्न एवं भौगोलिक उपदर्शन

भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग

वार्षिक प्रतिवेदन 2012-13

कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प, व्यापार चिह्न एवं भौगोलिक उपदर्शन

अनुक्रमणिका

		पृष्ठ संख्या
अध्याय-I.	पूर्वावलोकन	03
अध्याय-II	बौद्धिक सम्पदा अधिकार की प्रवृत्ति - एक नजर	05
अध्याय-III	लोक सेवा प्रदान - दक्षता और पारदर्शिता	12
अध्याय-IV	एकस्व	15
अध्याय-V	अभिकल्प	35
अध्याय-VI	व्यापार चिह्न	41
अध्याय-VII	भौगोलिक उपदर्शन	51
अध्याय-VIII	एकस्व सूचना पद्धति एवं राजीव गांधी राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा प्रबंधन संस्थान	60
अध्याय-IX	प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं बर्हि-क्रियाकलाप	71
अध्याय-X	मानव संसाधन	73

अध्याय - I

पूर्वावलोकन

बौद्धिक सम्पदा सम्पन्नता के इंजन को ईंधन प्रदान करता है, आविष्कार और नवप्रवर्तन को प्रोत्साहित करता है तथा वह एक अमूर्त सम्पत्ति है जो सामाजिक-आर्थिक पारितंत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसका सृजन और संरक्षण राष्ट्र की अनवरत प्रगति के लिए अत्यावश्यक है। बौद्धिक सम्पदा अधिकार (आई पी आर) किसी देश की सार्वजनिक नीति उद्देश्यों के अनुसरण में रचनाकारों और आविष्कारकों को उनकी बौद्धिक सम्पत्ति के लिए संरक्षा प्रदान करता है। बौद्धिक सम्पदा अधिकार नई तकनीकों के सृजन, उनके संरक्षण, हस्तांतरण, नियामन और प्रसार को बढ़ावा देने के लिए अत्यावश्यक है। "ज्ञान के सामग्रीकरण" ने सम्पूर्ण विश्व की विभिन्न बौद्धिक सम्पदा अधिकार व्यवस्था में आमूल परिवर्तन ला दिया है। ज्ञान अब एक "कार्यनीतिक सम्पत्ति" बन गई है और इसके समुचित उपयोग से अत्यधिक धन अर्जित किया जा सकता है। अतः सामाजिक प्राथमिकताओं के अनुसार उपयुक्त तरीके से गढ़े गए बौद्धिक सम्पदा अधिकार किसी राष्ट्र के औद्योगिक विकास में प्रभावकारी शक्ति के रूप में कार्य करते हैं।

विगत दशक में भारत ने तकनीक के विभिन्न क्षेत्रों जैसे भेषज, सूचना प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी, नैनो टेक्नोलॉजी आदि में उत्कृष्ट दक्षता प्रदर्शित की है। भारत अपनी "मानव पूँजी" का दोहन कर धीरे-धीरे एक "नवप्रवर्तन फैक्ट्री" के रूप में परिवर्तित हुआ है। तकनीकी सक्षमता में इस निरंतर प्रगति के साथ भारत को विश्व अर्थव्यवस्था का प्रगेता के रूप में उभरने का पूर्वानुमान किया गया है।

इस विकास के अनुरूप आधुनिक आधारभूत संरचना, मानव संसाधनों के प्रवृत्तिकरण, उपयोक्ता सुलभ और सरलीकृत आवेदन प्रक्रिया और अद्यतन तकनीकों का उपयोग कर भारत के बौद्धिक सम्पदा अधिकार कार्यालयों का आधुनिकीकरण किया गया है। आधुनिकीकरण की इस प्रक्रिया की निरंतर समीक्षा और नवीकरण किया जाता है जिससे इन कार्यालयों द्वारा सेवा प्रदान करने में अधिकतम गुणवत्ता प्राप्त की जा सके।

कार्यालय, महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प, व्यापार चिह्न तथा भौगोलिक उपदर्शन, भारत सरकार, वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय के तहत औद्योगिक नीति व संवर्द्धन विभाग (डीआईपीपी) का एक अधीनस्थ कार्यालय है। एकस्व, अभिकल्प, व्यापार चिह्न तथा भौगोलिक उपदर्शन विधानों का प्रशासन कार्यालय महानियंत्रक द्वारा किया जाता है। यह अपने नियंत्रणाधीन बौद्धिक सम्पदा विधानों का प्रशासन इस प्रभावी तरीके से करता है जिससे देश में एक उचित और संतुलित बौद्धिक सम्पदा पारितंत्र का परिवेश सृजित किया जा सके। इसके अतिरिक्त नागपुर में स्थित एकस्व सूचना पद्धति (पीआईएस) तथा राजीव गाँधी राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा प्रबंधन संस्थान (आरजीएनआईआईपीएम) भी कार्यालय महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प, व्यापार चिह्न तथा भौगोलिक उपदर्शन के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन हैं।

बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों के संगठनात्मक चार्ट निम्नवत् हैं:



कार्यालय महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प तथा व्यापार चिह्न (सीजीपीडीटीएम) के नियंत्रणाधीन सभी कार्यालयों के प्रतिवेदन वर्ष के दौरान किए गए कार्यों के विस्तृत विवरण इस प्रतिवेदन के आगे के अध्यायों में दिए गए हैं। कार्यालय महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प तथा व्यापार चिह्न के अंतर्गत सभी कार्यालयों के राजस्व एवं व्यय के ब्यौरे तथा अन्य संबद्ध सांख्यिकी भी शामिल की गई है अद्यतन विधान, विभिन्न समारोहों के मुख्यांश और अन्य उपयोगी सूचना हमारे शासकीय वेब-साइट http://www.ipindia.nic.in पर उपलब्ध है।

(चैतन्य प्रसाद, भा.प्र.से.)
महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प व व्यापार चिह्न

अध्याय - II

बौद्धिक सम्पदा अधिकार की प्रवृत्ति - एक नजर

कार्यालय महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प तथा व्यापार चिह्न (सीजीपीडीटीएम) के अधीन सभी कार्यालयों में बौद्धिक सम्पदा आवेदन दाखिल करने की दिशा में उर्ध्वगामी प्रवृत्ति पाई गई है। फलतः, कार्यालय में राजस्व उत्पादन में वृद्धि देखी गई है। इन गतिविधियों के विवरण नीचे प्रदर्शित है।

क. एकस्व : 2012-13 के दौरान **43,674** एकस्व आवेदन दाखिल किए गए। कार्यालय में विगत वर्ष की तुलना में आवेदन दाखिल करने में 1.10% की वृद्धि हुई है। दाखिल एकस्व आवेदन और अनुदानित एकस्व के संदर्भ में विगत पाँच वर्षों की प्रवृत्ति निम्नवत् है।

एकस्व आवेदनों की प्रवृत्ति

वर्ष	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13
दाखिल	36812	34287	39400	43197	**43674**
परीक्षित	10296	6069	11208	11031	**12268**
अनुदानित	16061	6168	7509	4381	**4126**
परीक्षण हेतु अनुरोध का निपटान	17136	11339	12851	8468	**9027**

2012-13 के दौरान आवेदन दाखिल करने की प्रवृत्ति में विगत वर्ष से आंशिक सुधार देखा गया है। इस अवधि के दौरान एकस्व कार्यालय ने 9027 आवेदनों का निपटान किया जिनमें से 4126 आवेदन एकस्व अनुदान हेतु अग्रसर हुए, **4544** परित्यक्त हुए और **357** आवेदनों को परीक्षण के बाद अस्वीकृत कर दिया गया। परीक्षित एकस्व आवेदनों की कुल संख्या 11.21 प्रतिशत प्रगति का सुधार प्रदर्शित करती है। समीक्षा अवधि के दौरान अनुदानित एकस्व की संख्या विगत वर्ष की तुलना में आंशिक कमी प्रदर्शित करती है, लेकिन उन एकस्व आवेदनों के निपटान में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है जिसके लिए परीक्षण हेतु अनुरोध प्राप्त हुए थे। 2010-11 में परीक्षकों की कार्यरत संख्या 79 थी, जबकि परीक्षकों की बृहत संख्या में नियुक्ति के कारण 2011-12 के अंत तक यह संख्या 207 हो गई। 2012-13 के अंत तक परीक्षकों की कुल कार्यरत संख्या 201 थी, हालाँकि वे अवेदनों के परीक्षण में योगदान नहीं दे सके क्योंकि इन नवनियुक्त परीक्षकों को विस्तृत संस्थागत और कार्यकालीन प्रशिक्षण दिया जा रहा था ताकि प्रशिक्षित और विशेषज्ञ मानव संसाधन विकसित किया जा सके जो आगामी वर्षों में आवेदनों का परीक्षण बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। **2012-13** के दौरान ही एकस्व कार्यालय ने व्यापक कम्प्यूटरीकरण और स्वचालन के माध्यम से आंतरिक प्रसंस्करण प्रणाली का अद्यतनीकरण किया जिससे त्वरित और गुणतापरक परीक्षण और अन्य उत्पादः निर्गत सुलभ कराया जा सके। कार्यालय के वेबसाइट में विस्तृत ई-फाइलिंग प्रणाली और डायनामिक मॉड्यूल शामिल कर इसका अद्यतनीकरण किया गया है ताकि आम जनता को सूचना प्राप्त करने और उनके दस्तावेज दाखिल करने में सहायता मिल सके। एकस्व कार्यालय एक समेकित खोज मंच के माध्यम से अपनी खोज सुविधाओं के एकीकरण हेतु एक महत्वाकांक्षी परियोजना पर कार्य प्रारंभ कर चुका है।

ख. अभिकल्प: वर्ष के दौरान **8337** अभिकल्प आवेदन दाखिल किए गए जो विगत वर्ष की तुलना में आंशिक कमी दर्शाते हैं। हालाँकि, 2011-12 के दौरान 6590 की तुलना में इस वर्ष के दौरान 7252 अभिकल्प पंजीकृत किए गए। इसी प्रकार 2012-13 में अभिकल्प आवेदनों का परीक्षण भी बढ़कर 6776 रहा जबकि 2011-12 के दौरान यह 6511 था। विगत पाँच वर्षों की प्रवृत्ति निम्नवत् है।

अभिकल्प आवेदनों की प्रवृत्ति

वर्ष	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13
दाखिल	6557	6092	7589	8373	**8337**
परीक्षित	6446	6266	6277	6511	**6776**
पंजीकृत	4772	6025	9206	6590	**7252**
आवेदनों का निपटान	4897	6045	9221	6705	**7300**

ग. व्यापार चिह्न: वर्ष **2012-13** में **194216** व्यापार चिह्न आवेदन दाखिल किए गए। विगत वर्ष की तुलना में आवेदन दाखिल करने में लगभग **5.79%** की वृद्धि रही है। विगत पाँच वर्षों की प्रवृत्ति निम्नवत् है।

व्यापार चिह्न आवेदनों की प्रवृत्ति

वर्ष	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13
दाखिल	130172	141943	179317	183588	**194216**
परीक्षित	105219	25875	205065	116263	**202385**
पंजीकृत	102257	67490	115472	51735	**44361**
आवेदनों का निपटान	126540	76310	132507	57867	**69736**

घ. भौगोलिक उपदर्शन : 15 सितम्बर, 2003 से 31 मार्च, 2013 तक कुल **404** आवेदन प्राप्त किए गए हैं। वर्ष 2012-13 के दौरान 24 आवेदन दाखिल किए गए और कुल **21** भौगोलिक उपदर्शन पंजीकृत किए गए। विगत पाँच वर्षों में दाखिल आवेदनों एवं पंजीकृत भौगोलिक उपदर्शन की प्रवृत्ति निम्नवत् हैं।

भौगोलिक उपदर्शन आवेदनों की प्रवृत्ति

वर्ष	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13
दाखिल	44	40	27	148	**24**
परीक्षित	21	46	32	37	**30**
पंजीकृत	45	14	29	23	**21**

ङ. अनुदानित/पंजीकृत बौद्धिक सम्पदा अधिकार की प्रवृत्ति: विगत 5 वर्षों के दौरान बौद्धिक सम्पदा अधिकार के अनुदान/पंजीकरण की तुलनात्मक प्रवृत्ति निम्नवत् है।

अनुदानित/पंजीकृत (और निपटाए गए) बौद्धिक सम्पदा अधिकार की तुलनात्मक प्रवृत्ति

वर्ष	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13
एकस्व	16061 (17136)	6168 (17339)	7539 (12851)	4381 (8488)	**4126 (9027)**
अभिकल्प	4772 (4897)	6025 (6045)	9206 (9221)	6590 (6705)	**7252 (7300)**
व्यापार चिह्न	102257 (126540)	67490 (76310)	115472 (132507)	51735 (57867)	**44361 (69736)**
भौ.उ. रजिस्ट्री	45	14	29	23	**21**

2012-13 में दाखिल बौद्धिक सम्पदा आवेदनों की संख्या



2012-13 में अनुदानित/पंजीकृत बौद्धिक सम्पदा अधिकार की संख्या



सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से एकस्व के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 5 प्रमुख भारतीय आवेदक

क्र.सं.	कंपनियों के नाम	दाखिल आवेदन
1.	टाटा कंसल्टेन्सी सर्विसेज लिमिटेड	162
2.	सैमसंग इंडिया सॉफ्टवेयर ऑपरेशन्स प्राईवेट लिमिटेड	135
3.	इंफोसिस	81
4.	तेजस नेटवर्क्स लिमिटेड	40
5.	एचसीएल टेक्नोलॉजीस लिमिटेड	36

वैज्ञानिक तथा अनुसंधान व विकास संस्थानों से एकस्व के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 भारतीय आवेदक

क्र.सं.	वैज्ञानिक तथा अनुसंधान व विकास संस्थानों के नाम	दाखिल आवेदन
1.	वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्	202
2.	रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन	73
3.	भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्	68
4.	हेटेरो रिसर्च फाउंडेशन	62
5.	जैवतकनीक विभाग, भारत सरकार	28
6.	एयरक्राफ्ट अपग्रेड रिसर्च एण्ड डिजाइन सेंटर (एयूआरडीसी)	23
7.	नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ फार्मस्यूटिकल एज्यूकेशन एंड रिसर्च (एनआईपीईआर)	15
8.	भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन	14
9.	भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्	14
10.	इंटरनेशनल एडवांस्ड रिसर्च सेंटर फॉर पाउडर मेटालर्जी एण्ड न्यू मेटेरियल्स (एआरसीआई)	13

संस्थानों और विश्वविद्यालयों से एकस्व के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 भारतीय आवेदक

क्र.सं.	संस्थानों और विश्वविद्यालयों के नाम	दाखिल आवेदन
1.	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (समेकित)	205
2.	अन्नी विश्वविद्यालय	140
3.	भारतीय विज्ञान संस्थान	31
4.	तमिलनाडु एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी	16
5.	नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ फार्मस्यूटिकल एज्यूकेशन एंड रिसर्च (एनआईपीईआर)	15
6.	एम एस रमैया स्कूल ऑफ एडवांस्ड स्टडीज	13
7.	नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी	12
7.	मारूल इन्स्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी	12
7.	द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इन्स्टिट्यूट (टीईआरआई)	12
8.	सेंट्रल पावर रिसर्च इन्स्टिट्यूट	11
9.	राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (समेकित)	10
9.	जी.एच.आर. लैब्स एण्ड रिसर्च सेंटर	10
9.	अमृता विश्वविद्यापीठम विश्वविद्यालय	10
9.	सेंटर फॉर मेटेरियल्स फॉर इलेक्ट्रोनिक्स टेक्नोलॉजी	10
10.	नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी	9
10.	यूनिवर्सिटी ऑफ कलकत्ता	9
10.	जवाहर लाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च	9

शीर्ष 10 विदेशी आवेदक

क्र.सं.	संगठनों के नाम	आवेदनों की संख्या
1.	क्वालकम इंकॉरपोरेटेड	1034
2.	कोनिनक्लीके फिलिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स एन.वी.	647
3.	टेलेफोनाक्टिबोलागेट एलएम एरिक्सन	413
4.	बेरफ एराइ	343
5.	जेनेरल इलेक्ट्रिक कम्पनी	342
6.	सिमेन्स एकटाइनजेसेलसाफ्ट	318

7.	रोबेर्ट बोस्च जीएमबीएच	297
8.	सोनी कॉरपोरेशन	273
9.	शार्प काबुशीकी कैसा	260
10.	पैनासोनिक कॉरपोरेशन	251

शीर्ष 5 भारतीय एकस्वग्राही

क्र.सं.	संगठनों के नाम	आवेदनों की संख्या
1	वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद	101
2	सैमत्रंग इंडिया सॉफ्टवेयर ऑपरेशन्स प्राइवेट लिमिटेड	72
3	भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड	42
4	टाटा स्टील लिमिटेड	35
5	हिन्दुस्तान यूनीलीवर लिमिटेड	33

शीर्ष 5 विदेशी प्रवासी एकस्वग्राही

क्र.सं.	आवेदक	अनुदानित एकस्व
1	क्वालकम इंकॉरपोरेटेड	117
2	जीएम ग्लोबल टेक्नोलॉजी ऑपरेशन्स इंक.	87
3	सिनेन्स एकटाइनजेसेलसाफ्ट	42
4	सैमसंग इलेक्ट्रोनिक्स क. लि.	41
5	होण्डा मोटर क. लि	39
6	कोनेनक्लीके फिलिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स एन.वी.	39

च. प्रकाशन एवं अनुदान-पूर्व आपत्ति: प्रतिवेदन वर्ष के दौरान धारा 11क के तहत 26159 एकस्व आवेदन प्रकाशित किए गए तथा एकस्व अधिनियम,1970 की धारा 25(1) के तहत केवल 262 अनुदान-पूर्व आपत्ति दाखिल हुए जो प्रकाशित आवेदनों का लगभग 1% है। प्रकाशित तथा अनुदान-पूर्व आपत्ति के लिए दाखिल आवेदनों का आरेखीय दृश्य निम्नवत् है।

प्रकाशन बनाम अनुदान-पूर्व विरोध



छ. राजस्व और व्यय: महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न के अंतर्गत सभी कार्यालय प्रत्येक वर्ष निरंतर राजस्व आधिक्य वाले कार्यालय रहे हैं। वर्ष 2012-13 के दौरान अर्जित कुल राजस्व रू. 282.32 करोड़ था जो विगत वर्ष की तुलना में लगभग **4.85%** अधिक है, जबकि कुल गैर-योजना व्यय **रू.36.69 करोड़** था जिससे **रू.245.63 करोड़** का राजस्व आधिक्य प्राप्त हुआ। एकस्व कार्यालय ने **रू.171.77 करोड़** (एकस्व **रू.170.48 करोड़** एवं अभिकल्प **रू.1.29 करोड़),** व्यापार चिह्न रजिस्ट्री ने **रू.110.45 करोड़,** भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री ने **रू.0.088 करोड़** तथा एकस्व सूचना पद्धति और राजीव गाँधी राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा प्रबंधन संस्थान ने **रू.0.0145 करोड़** का कुल राजस्व अर्जित किया। बौद्धिक सम्पदा (आईपी) प्रशासन के राजस्व और व्यय का विवरण निम्नलिखित हैं।

(i) वर्ष 2011-2012 और 2012-2013 के दौरान उत्पादित राजस्व का तुलनात्मक विवरण

वर्ष	2011-2012 (रु.)	2012-13(रु.)
एकस्व	164,40,23,224	170,47,84,657
अभिकल्प	1,26,11,650	1,29,32,740
व्यापार चिह्न	103,53,00,000	110,45,00,000
भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री	48,082,65	8,77,750
ए.सू.पद्धति/आरजीएनआई आईपीएम(आईपीटीआइ)	6,43,000	1,45,712
कुल	269,25,77,874	282,32,40,859



राजस्व (रू.में)

(ii) वर्ष 2011-2012 और 2012-2013 के लिए गैर-योजना व्यय की तुलना

वर्ष	2011-2012 (रु.)	2012-13(रु.)
एकस्व (अभिकल्प सहित)	24,69,87,683	25,33,12,134
व्यापार चिह्न	8,10,48,895	8,92,33,145
भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री	48,03,677	52,39,902
ए.सू.पद्धति/आरजीएनआईआईपी एम(आईपीटीआइ)	1,64,89,441	1,91,35,616
कुल:	34,93,29,696	36,69,20,797



गैर-योजना व्यय (रूपये में)

अध्याय - III

लोक सेवा प्रदान - दक्षता और पारदर्शिता

बौद्धिक सम्पदा अधिकार के विश्वव्यापी होने के बाद, दुनिया में आईपीआर और समाज पर इसके प्रभाव के संबंध में आम लोगों में बढ़ती चेतना ही शायद इसकी सर्वाधिक उल्लेखनीय विशिष्टता है। बौद्धिक सम्पदा अधिकार के प्रशासन से संबद्ध ज्ञान प्राप्त करने के लिए लोगों की बढ़ती माँग के अनुरूप, बौद्धिक सम्पदा कार्यालय ने ऐसे कई कदम उठाए हैं जिससे इसकी कार्यकुशलता में वृद्धि हो और पारदर्शिता लाई जा सके ताकि इसके कार्यों को आम लोगों की निगरानी के लिए प्रस्तुत किया जा सके। सूचना प्रौद्योगिकी के त्वरित विकास के साथ बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों के कार्य के साथ-साथ जन-प्रदान प्रणाली को भी सूचना प्रौद्योगिकी सुलभ परिवेश में परिवर्तित किया गया है। प्रतिवेदन वर्ष के दौरान, बौद्धिक सम्पदा उपयोक्ताओं (स्टेकधारकों) को लाभ पहुँचाने और बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों से आँकड़े प्राप्त करने में सहायता के लिए ऑनलाइन आवेदन दाखिल करने की विद्यमान प्रणाली को उन्नत करने और सभी बौद्धिक सम्पदा अभिलेखों को अद्यतन करने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। बेहतर जनसेवा प्रदान करने हेतु बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों की आंतरिक सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली का सतत संवर्द्धन भी किया जाता है और डाटाबेस को आपर्धित किया जा रहा है जिसके फलस्वरूप तीव्रतर और बेहतर जन सेवा प्रदान की जा रही है।

सूचना का अधिकार

बौद्धिक सम्पदा कार्यालय सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 की नीति उद्देश्यों के अनुपालन हेतु पूर्ण प्रतिबद्ध हैं और सूचना अधिकार अधिनियम के विधायी आशय और अधिदेश के अनुरूप कार्य करते हुए स्वयं-सक्रियता के साथ जनता को सूचना प्रदान कराते हैं ताकि इन कार्यालयों की गतिविधियों में अधिकतम संभव पारदर्शिता प्राप्त की जा सके।

एकस्व

एकस्व प्रणाली सावधानीपूर्वक सृजित एक सौदा है जो किसी आविष्कारक के लिए समाज के प्रति उसके योगदान का प्रतिदान होता है। किसी एकस्व प्रणाली के बिना, आविष्कारक अपना आविष्कार सार्वजनिक करने के लिए प्रेरित नहीं होगा और इसे एक वाणिज्य गोपनीयता के रूप में बनाए रखना बेहतर समझेगा जिसके परिणामस्वरूप आविष्कारिता धीमी होगी और इसका प्रतिकूल प्रभाव राष्ट्र की सम्पन्नता पर पड़ेगा।

एकस्व कार्यालय को एकस्व आवेदनों के परीक्षण और उत्तरवर्ती कार्यवाहियों के लिए उच्च प्रशिक्षित अधिशासियों की आवश्यकता होती है। एकस्व प्रणाली में परीक्षक इसके मेरूदंड होते हैं, जिन्हें एकस्व अधिनियम के अधिदेश द्वारा, एकस्व विनिर्देश में वर्णित आविष्कार को उनकी नवीनता, आविष्कारिता के चरण, औद्योगिक अनुप्रयोग और अन्य एकस्व योग्य अपेक्षाओं के संदर्भ में परीक्षण का दायित्व प्राप्त है।

हाल के दिनों में, एकस्व आवेदन की बढ़ती फाइलिंग के समाधान के लिए एकस्व कार्यालय ने कई परीक्षक नियुक्त किए हैं। इन नव नियुक्त परीक्षकों को कठिन अनुस्थापन और तीन चरणों में संस्थागत और कार्यकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम में भेजा गया।

एकस्व कार्यालय में नियंत्रक, एकस्व और अभिकल्प, महानियंत्रक एकस्व अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न द्वारा प्रदत्त शक्तियों के साथ कार्य करते हैं और अर्द्ध-न्यायिक कार्य निष्पादित करते हैं। नियंत्रक, एकस्व और अभिकल्प को प्रशिक्षित करने के लिए राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय दिल्ली (एनएलयूडी) के साथ मिलकर द्वारका, नई दिल्ली स्थित उसके परिसर में नियमित अंतराल पर न्यायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिल्ली के जिला न्यायालय और उच्च न्यायालय के पदासीन और सेवानिवृत न्यायाधीशों के साथ-साथ ख्यातिलब्ध विधि विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण

कार्यक्रम में, विधि के अन्य पहलुओं के साथ प्राकृतिक न्याय, प्रशासनिक कानून, संवैधानिक कानून और प्रविधान की व्याख्या शामिल थी।

अपने सभी कार्यालयों में एकरुपता बनाए रखने और परीक्षण प्रक्रिया में पारदर्शिता प्राप्त करने के उद्देश्य से कार्यालय ने दो दिशानिर्देश विकसित किए हैं और इन्हें अंतिम रूप दिया है, जो हैं (1) पारंपरिक ज्ञान और जीव विज्ञान की सामग्री से संबंधित एकस्व आवेदनों पर कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश और (2) जैव प्रौद्योगिकी आवेदनों के परीक्षण हेतु दिशा निर्देश। इसके अतिरिक्त, कम्प्यूटर संबंधी आविष्कारों और भेषजीय क्षेत्रों के एकस्व आवेदनों के परीक्षण से संबंधित दिशा निर्देश अभी विकसित किए जा रहे हैं।

भारतीय एकस्व कार्यालय को अंतर्राष्ट्रीय अन्वेषण और प्रारंभिक परीक्षण प्राधिकारी के रूप में मान्यता प्राप्त थी। इसकी गतिविधियों को कार्यरूप देने के उद्देश्य से एकस्व नियम में संशोधन करने और आवश्यक आधारभूत सुविधा विकसित करने की दिशा में पहल की गई है।

एकस्व कार्यालय ने दिनांक 15 दिसम्बर, 2012 को विस्तृत ऑनलाइन एकस्व फाइलिंग सेवा की भी शुरूआत की जिसमें नए आवेदनों की ऑन लाइन फाइलिंग के साथ-साथ अनुवर्ती फाइलिंग को भी एकीकृत किया गया है। इस सुविधा का शुभारंभ श्री सौरभ चंद्र, भा.प्र.से., सचिव, औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के कर-कमलों से हुआ।

पी सी टी राष्ट्रीय फेज आवेदन दाखिल करने की प्रक्रिया को सरल करने के प्रयास में, बौद्धिक सम्पदा कार्यालय ने विश्व बौद्धिक सम्पदा संगठन (वायपो) के अंतर्राष्ट्रीय ब्यूरो (आई बी) के साथ मिलकर आई बी के पास उपलब्ध पी सी टी अंतर्राष्ट्रीय आवेदन और संबंधित दस्तावेज तक ऑन लाइन अभिगम प्राप्त किया है। फलतः बौद्धिक सम्पदा कार्यालय के बहुमूल्य संसाधनों का अधिक सक्षम उपयोग और डाटा प्रविष्टि में त्रुटियाँ कम होना संभव हुआ है, जिसके कारण कई मामलों में सुधार की आवश्यकता का निवारण हो सका। इससे भारत में राष्ट्रीय आवेदन दाखिल करने की प्रक्रिया सरल हुई है और आवेदकों का बोझ घटा है।

अभिकल्प

एकस्व कार्यालय कोलकाता से अभिकल्प स्कन्ध का काम होता है जहाँ अभिकल्प आवेदनों की जाँच एवं उसका पंजीकरण होता है, हालाँकि ऐसे आवेदनों हेतु प्राप्ति और दाखिल करने की सुविधा सभी शाखाओं में औपबंधित है। प्रतिवेदन सत्र के दौरान अप्रैल 1997 से सभी पंजीकृत अभिकल्पों को डिजिटाइज कर अपलोड करने के लिए एक पहल की गयी ताकि बेहतर लोक सेवा प्रदान की जा सके।

व्यापार चिह्न

व्यापार चिह्न रजिस्ट्री के कार्यों को पुनर्व्यवस्थित किया गया और वर्तमान कर्मचारियों का आनुपातिक आबंटन किया गया। टी एम आर कार्यालय की पुनर्व्यवस्था के कार्यालय आदेशों की प्रतियाँ वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई ।

व्यापार चिह्न आवेदनों का परीक्षण केन्द्रीय रूप में होना जारी रहा जो व्यापार चिह्न रजिस्ट्री, बौद्धिक सम्पदा कार्यालय, मुम्बई में संचालित किया जाता है। परीक्षण हेतु आवेदनों का आबंटन परीक्षकों की वरीयता क्रमानुसार प्रणाली द्वारा स्वयमेव होता है और परीक्षण प्रतिवेदन किसी पर्यवेक्षक परीक्षक के पास उनके अनुमोदन के लिए प्रणाली द्वारा स्वचालित रूप में पहुँचाया जाता है। इस प्रकार, परीक्षण हेतु किसी केस का चयन करने या परीक्षण प्रतिवेदन अनुमोदित करने में कोई मानवीय दखल नहीं होता है।

व्यापार चिह्न के प्रतिवादित मामलों के निष्पादन हेतु विशेष अभियान स्थापित किया गया जहाँ कार्यवाही के पक्षों ने आपसी सहमति हो गई अथवा प्रतिवादी पक्ष ने किसी व्यापार चिह्न आवेदन या किसी पंजीकृत व्यापार चिह्न के निरस्तीकरण हेतु आवेदन, जैसा भी संदर्भ रहा हो, के लिए अपना विरोध वापस ले लिया। एक अन्य विशेष अभियान पंजीकृत व्यापार चिह्न में उत्तर-पंजीकरण परिवर्तन की प्रविष्टि हेतु अनुरोधों का निपटान करने के लिए चलाया गया। इन अभियानों के तहत कई पुराने मामलों का निपटारा किया गया।

व्यापार चिह्न रजिस्ट्री में पूर्ण पारदर्शिता प्राप्त करने के उद्देश्य से लंबित व्यापार चिह्न आवेदनों एवं पंजीकृत व्यापार चिह्न के पूर्ण विवरण उसके साथ प्रस्तुत दस्तावेज की स्कैन की गई प्रतियाँ, अभियोजन वृत्तांत, परीक्षण रिपोर्ट, आवदेन की प्रति, व्यापार चिह्न प्रमाण पत्र की प्रति, विरोध विवरण आदि सहित आम जनता को शासकीय वेबसाइट www.ipindia.nic.in के माध्यम से निःशुल्क उपलब्ध कराए गए हैं।

व्यापार चिह्न पंजीकरण प्रमाण पत्र का निर्गमन एक इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली के रूप में विकसित किया गया जिसमें उपयुक्त संदर्भ में प्रमाण पत्रों का मुद्रण और प्रेषण केन्द्रीय रूप में व्यापार चिह्न रजिस्ट्री, मुम्बई से करना शामिल है।

व्यापार चिह्न आवेदनों की डाटा एंट्री में लिपिकीय त्रुटियों के ऑन लाइन परिमार्जन हेतु एक सुविधा आम जनता को उपलब्ध कराई गई, जहाँ किसी व्यापार चिह्न आवेदन का आवेदक या उसका प्राधिकृत अभिकर्ता उस आवेदन की डाटा एंट्री में त्रुटियों के परिमार्जन का अनुरोध कर सकता है, सहायक दस्तावेज अपलोड कर सकता है और अपने आवेदन की प्रगति पर नजर रख सकता है।

व्यापार चिह्न प्रणाली को अधिक प्रभावी और उपयोक्ता सुलभ बनाया गया । व्यापार चिह्न आवेदनों के साथ-साथ पंजीकृत व्यापार चिह्न के विवरण भी आम जनता को उपलब्ध कराए गए जिसके कारण पारदर्शिता आई और जनता के लिए व्यापार चिह्न सहज उपलब्ध होने के कारण प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहन मिला।

भौगोलिक उपदर्शन

प्राधिकृत उपयोक्ता के पंजीकरण हेतु प्राप्त आवेदनों की संख्या काफी अधिक थी जिसमें भारी वृद्धि दर्ज की गई। रजिस्ट्री ने 2009 से प्राधिकृत उपयोक्ताओं के पंजीकरण हेतु आवेदन प्राप्त करना प्रारंभ किया था किन्तु प्रतिवेदन वर्ष के पूर्व तक प्राप्त आवेदनों की संख्या मात्र 145 थी। 2012-13 के दौरान, जागरूकता कार्यक्रम संचालित कर प्राधिकृत उपयोक्ता आवेदनों को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रयास किए गए और परिणामस्वरूप, प्रतिवेदन वर्ष के दौरान प्राधिकृत उपयोक्ता पंजीकरण हेतु 1070 आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही, 107 प्राधिकृत उपयोक्ता प्रतिवेदन वर्ष के दौरान पंजीकृत किए गए।

अध्याय - IV

एकस्व

1. परिचय:

यह अध्याय एकस्व अधिनियम, 1970 की धारा 155 के तहत एकस्व कार्यालयों द्वारा वर्ष 2012-13 के दौरान निष्पादित गतिविधियों के संबंध में 41वाँ प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है। एकस्व कार्यालय भौगोलिक रूप से विभाजित है तथा चार महानगरों कोलकाता, चेन्नई, मुम्बई तथा दिल्ली में स्थित है, यद्यपि कोलकाता कार्यालय प्रधान कार्यालय है। एकस्व कार्यालय देश में हुए आविष्कारों पर इनके आविष्कारकों अथवा उनके द्वारा नामित व्यक्तियों अथवा कानूनी उत्तराधिकारियों को सीमित एकाधिकार अनुदानित करने के द्वारा इन आविष्कारों की संरक्षा से संबंधित विधान का प्रशासन करता है। एकस्व अधिनियम, 1970 एकस्व अनुदान को नियंत्रित करता है। निम्न प्रदत्त परिच्छेद एकस्व विधान के तहत यथा प्रशासित एकस्व कार्यालय की प्रमुख गतिविधियों की रूप-रेखा प्रस्तुत करते है।

2. एकस्व आवेदन:

वर्ष 2012-2013 में एकस्व अनुदान के लिए दाखिल आवेदनों की संख्या **43,674** थी जबकि वर्ष 2011-12 में यह संख्या **43,197** थी जो लगभग **1.10%** की वृद्धि दर्शाता है। रसायन, भेषज, खाद्य, यांत्रिकी, कम्प्यूटर/इलेक्ट्रॉनिक्स, जैवतकनीकी के क्षेत्रों में आवेदनों की प्रवृत्ति में उर्ध्वगामी विकास देखा गया जबकि विद्युत के क्षेत्र में अवनति की प्रवृत्ति पाई गई। आवेदनों की प्रवृत्ति के विस्तृत आँकड़े, विभिन्न क्षेत्रों में विभाजित, परिशिष्ट-ङ में देखे जा सकते हैं।

(क) भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदन

कुल 43674 आवेदनों में से भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदनों की संख्या **9911** रही जो विगत वर्ष की तुलना में 11% की वृद्धि प्रदर्शित करती है, जब ऐसे आवेदनों की संख्या **8921** थी। हालाँकि, विदेशी आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदनों की संख्या में 2011-12 के दौरान दाखिल 34276 आवेदनों की तुलना में इस वर्ष के दौरान दाखिल आवेदनों (33763) में 1.5% की गिरावट देखी गई । भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदनों की संख्या प्रतिवेदन वर्ष के दौरान दाखिल आवेदनों की कुल संख्या का लगभग **22.69%** रही जबकि वर्ष 2011-12 के दौरान यह संख्या 20.65% थी।

भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदनों में से, इस वर्ष भी महाराष्ट्र आवेदन दाखिल करने में अग्रणी रहा और दाखिल आवेदनों की संख्या सर्वाधिक रही जिसके बाद तमिलनाडु, कर्नाटक, दिल्ली, आन्ध्र प्रदेश गुजरात, उत्तर प्रदेश.पश्चिम बंगाल आदि का स्थान रहा। राज्य/संघ क्षेत्र के अनुसार संख्याएँ कोष्ठक में प्रदर्शित की गई है: महाराष्ट्र (2540), तमिलनाडु (1212), कर्नाटक (1167), दिल्ली (890), आन्ध्र प्रदेश (844), गुजरात (645), उत्तर प्रदेश (478), पश्चिम बंगाल (441), हरियाणा (287), केरल (257), झारखंड (115), मध्य प्रदेश (111), पंजाब (107), राजस्थान (78), असम (67), उत्तरांचल (50), बिहार (46), उड़ीसा (44), हिमाचल प्रदेश (40) इत्यादि।

साधारण आवेदन (राज्यानुसार)



(ख) सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से एकस्व के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 5 भारतीय आवेदक

क्र.सं.	कंपनियों के नाम	दाखिल आवेदन
1.	टाटा कंसल्टेन्सी सर्विसेज लिमिटेड	162
2.	सैमसंग इंडिया सॉफ्टवेयर ऑपरेशन्स प्राईवेट लिमिटेड	135
3.	इंफोसिस	81
4.	तेजस नेटवर्क्स लिमिटेड	40
5.	एचसीएल टेक्नोलॉजीस लिमिटेड	36

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रतिवेदन वर्ष में टीसीएस ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया जबकि इंफोसिस विगत वर्ष के दौरान शीर्ष स्थान पर थी, सैमसंग इंडिया इस वर्ष भी सारणी में द्वितीय स्थान पर बनी रही।

वैज्ञानिक तथा अनुसंधान व विकास संस्थानों से एकस्व के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 भारतीय आवेदक

क्र.सं.	वैज्ञानिक तथा अनुसंधान व विकास संस्थानों के नाम	दाखिल आवेदन
1.	वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्	202
2.	रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन	73
3.	भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्	68
4.	हेटेरो रिसर्च फाउंडेशन	62
5.	जैवतकनीक विभाग, भारत सरकार	28
6.	एयरक्राफ्ट अपग्रेड रिसर्च एण्ड डिजाइन सेंटर (एयूआरडीसी)	23
7.	नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ फार्मस्यूटिकल एज्यूकेशन एंड रिसर्च (एनआईपीईआर)	15
8.	भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन	14
9.	भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्	14
10.	इंटरनेशनल एडवांस्ड रिसर्च सेंटर फॉर पाउडर मैटलर्जी एण्ड न्यू मेटेरियल्स (एआरसीआई)	13

इस श्रेणी में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् आवेदनों की संख्या में आंशिक वृद्धि के साथ शीर्ष स्थान पर बना रहा। हालाँकि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, जो विगत वर्ष तृतीय स्थान पर था, उर्ध्वगामी प्रवृति प्रदर्शित करते हुए इस वर्ष द्वितीय स्थान पर आ गया, जबकि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् जो पिछले वर्ष दूसरे स्थान पर था प्रतिवेदन वर्ष में खिसककर तीसरे स्थान पर आ गया।

संस्थानों और विश्वविद्यालयों से एकस्व के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 भारतीय आवेदक

क्र.सं.	संस्थानों/विश्वविद्यालयों के नाम	दाखिल आवेदन
1.	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (समेकित)	205
2.	अमिटी विश्वविद्यालय	140
3.	भारतीय विज्ञान संस्थान	31
4.	तमिलनाडु एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी	16
5.	नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ फार्मस्यूटिकल एज्यूकेशन एंड रिसर्च (एनआईपीईआर)	15
6.	एस एस रैया स्कूल ऑफ एडवांस्ड स्टडीज	13
7.	नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी	12
7.	पारूल इन्स्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी	12
7.	द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इन्स्टिट्यूट (टीईआरआई)	12
8.	सेंट्रल पावर रिसर्च इन्स्टिट्यूट	11
9.	राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (समेकित)	10
9.	जी.एच.आर. लैब्स एण्ड रिसर्च सेंटर	10
9.	अमृता विश्वविद्यापीठम यूनिवर्सिटी	10
9.	सेंटर फॉर मेटेरियल्स फॉर इलेक्ट्रोनिक्स टेक्नोलॉजी	10
10.	नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी	9
10.	कलकत्ता विश्वविद्यालय	9
10.	जवाहर लाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च	9

इस वर्ष भी सभी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान और अमिटी विश्वविद्यालय प्रथम दो स्थानों पर काबिज रहे। हालाँकि, अमिटी यूनिवर्सिटी ने विगत वर्ष की तुलना में आवेदन दाखिल करने में लगभग 23% की वृद्धि दर्ज की जबकि विगत वर्ष की तुलना में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के लिए लगभग 2% की आंशिक वृद्धि मात्र हुई। यद्यपि, इस वर्ष भारतीय विज्ञान संस्थान ने उल्लेखनीय वृद्धि प्रदर्शित की है। विगत वर्ष संस्थान ने केवल 14 आवेदन दाखिल किए थे जबकि इस वर्ष इसने 31 आवेदन दाखिल किए हैं, अतः वह 121.42% की उर्ध्वगामी प्रवृति दर्शाते हुए संस्थान और विश्वविद्यालयों की श्रेणी में तीसरे स्थान पर रहा।

(ङ) विदेशी आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदन

i. कन्वेंशन आवेदन:

दाखिल कन्वेंशन आवेदनों की संख्या **4215** थी जो पिछले वर्ष की 4295 की तुलना में अल्प गिरावट दर्शाती है।

ii. पी.सी.टी राष्ट्रीय फेज आवेदन

विदेश से प्राप्त आवेदनों में से अधिकांश पेटेंट सहयोग संधि (पीसीटी) राष्ट्रीय फेज माध्यम से दाखिल किए गए। प्रतिवेदन वर्ष के दौरान दाखिल ऐसे आवेदनों की संख्या **28435** रही जो विगत वर्ष **(28965)** की तुलना में अल्प गिरावट है। प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर संयुक्त राज्य अमेरिका

अग्रणी रहा जिसके पश्चात् जापान, जर्मनी, फ्रांस, स्विट्जरलैंड, नीदरलैंड, चीन गणतंत्र, यूनाइटेड किंगडम, स्वीडन तथा कोरिया गणतंत्र इत्यादि का स्थान रहा। इन आवेदनों की देशानुसार संख्या कोष्ठक में प्रदर्शित की गई है: संयुक्त राज्य अमेरिका (8745), जापान (4939), जर्मनी (3364), फ्रांस (1390), स्विट्जरलैंड (1380), नीदरलैंड (1148), यूनाइटेड किंगडम (991), चीन गणतंत्र (957), स्वीडन (885), कोरिया गणतंत्र (584), इटली (534), कनाडा (438), डेनमार्क (335), आस्ट्रेलिया (325), बेल्जियम (321), फिनलैंड (321), इजराइल (285), आस्ट्रिया (252), स्पेन (203), नार्वे (136) इत्यादि।

पी.सी.टी राष्ट्रीय फेज हेतु शीर्ष दस आवेदक (देशानुसार)



दाखिल राष्ट्रीय फेज आवेदनों की प्रवृत्ति



विगत कुछ वर्षों की कन्वेंशन आवेदनों की प्रवृत्ति



iii शीर्ष 10 विदेशी प्रवासी आवेदक

निम्नलिखित तालिका उन **शीर्ष 10 विदेशी प्रवासी आवेदकों** की सूची प्रदान करती है जिन्होंने 2012-13 के दौरान एकस्व आवेदन दाखिल किए हैं। यह पाया गया है कि क्वालकम इंकॉरपोरेटेड इस सूची में अग्रणी रहा जिसके बाद कोनिनक्लीके फिलिप्स इलेक्ट्रोनिक्स एन.वी. तथा टेलेफोनाक्टिबोलागेट एलएम एरिक्सन इत्यादि रहे।

शीर्ष 10 विदेशी आवेदक

क्र.सं.	संगठनों के नाम	आवेदनों की संख्या
1.	क्वालकम इंकॉरपोरेटेड	1031
2.	कोनिनक्लीके फिलिप्स इलेक्ट्रोनिक्स एन.वी.	647
3.	टेलेफोनाक्टिबोलागेट एलएम एरिक्सन	413
4.	बेस्फ एसइ	343
5.	जेनेरल इलेक्ट्रीक कम्पनी	342
6.	सिमेन्स एकटाइनजेसेलसाफ्ट	318
7.	रोबेर्ट बोरच जीएनबीएच	297
8.	सोनी कॉरपोरेशन	276
9.	शार्प कबुशीकी कैशा	260
10.	पैनासोनिक कॉरपोरेशन	251

वर्ष 2012-13 के दौरान विभिन्न माध्यमों से प्राप्त एवं उद्गम देश तथा राज्य के अनुसार वर्गीकृत एकस्व आवेदनों का विवरण **परिशिष्ट "ख"** में दर्शाया गया है।

2003-2004 से 2012-2013 की अवधि के दौरान विभिन्न माध्यमों से भारतीय प्रवासियों एवं अप्रवासियों से प्राप्त **एकस्व** आवेदनों की संख्या **परिशिष्ट "ग"** में दर्शायी गई है।

2008-2009 से 2012-2013 की अवधि के दौरान रसायन, वैद्युतिक, यांत्रिकी तथा सामान्य क्षेत्रों इत्यादि के विषयवार दाखिल आवेदनों का विवरण **परिशिष्ट "ड" (तथा "ड1" वर्ष 2012-13 में अन्य क्षेत्रों के लिए)** में प्रदत्त सारणी द्वारा दिखाया गया है।

3. अनुदानित तथा प्रवृत्त एकस्व

वर्ष के दौरान अनुदानित एकस्व की कुल संख्या 4126 थी, जिनमें से 716 भारतीय आवेदकों को अनुदानित किए गए। 31 मार्च 2013 को प्रभाव में एकस्व की संख्या 43920 थी जिनमें से 8308 एकस्व भारतीयों के नाम थे। कुल अनुदानित एकस्व में से 749 एकस्व यांत्रिकी, 1289 रसायन, 344 भेषज या औषधि, व 228 वैद्युतिक व 37 खाद्य से संबंधित आवेदनों के लिए अनुदानित किए गए।

वर्ष 2002-2003 से वर्ष 2012-13 की अवधि के दौरान दाखिल आवेदनों की संख्या, परीक्षण हेतु प्राप्त अनुरोधों की संख्या, परित्यक्त हुआ सामान लिए गए आवेदन तथा अनुदानित एकस्व एवं प्रवृत्त एकस्व की संख्या **परिशिष्ट- "घ"** में प्रदर्शित की गई है।

वर्ष 2008-2009 से 2012-13 तक विगत पाँच वर्षों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के आविष्कारों पर अनुदानित एकस्व की संख्या **परिशिष्ट- "च" व "च1"** में प्रदर्शित की गई है।

4.भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल पी.सी.टी अन्तर्राष्ट्रीय आवेदन

प्रतिवेदन वर्ष के दौरान एकस्व कार्यालय में प्राप्तकर्त्ता कार्यालय के रूप में पी.सी.टी प्रणाली का उपयोग करते हुए भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल अंतर्राष्ट्रीय आवेदनों की कुल संख्या 1042 थी जो विगत वर्ष की 873 की तुलना में 32% की महत्वपूर्ण वृद्धि दर्शाती है। इससे भारतीय आवेदकों/आविष्कारकों द्वारा विदेश में उनके आविष्कारों पर संरक्षा के लिए पेटेंट सहयोग संधि (पी.सी.टी.) के तहत अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली का उल्लेखनीय उच्च स्तर का उपयोग प्रदर्शित होता है। विगत पाँच वर्षों के दौरान दाखिल पी.सी.टी. अन्तर्राष्ट्रीय आवेदनों के आँकड़े निम्नवत् हैं (इन आवेदनों में वे अंतर्राष्ट्रीय आवेदन शामिल नहीं है जो भारतीय आवेदकों द्वारा सीधे वाइपो के अंतर्राष्ट्रीय ब्यूरो में दाखिल किए गए हैं):

वर्ष	वैयक्तिक	विधिक सत्ताधारी	कुल
2008-2009	232	655	887
2009-2010	231	521	752
2010-2011	243	628	871
2011-2012	254	519	873
2012-2013	252	790	1042

विगत पाँच वर्षों की अंतर्राष्ट्रीय आवेदनों की प्रवृत्ति



वर्ष के दौरान पी.सी.टी. अन्तर्राष्ट्रीय आवेदनों के सर्वप्रमुख अंशदाता थे- हेटेरो रिसर्च फाउंडेशन, इनेडा सिस्टम्स प्र.लि., माइलन लैबोरेट्रीज लिमिटेड, टीवीएस मोटर्स कम्पनी लिमिटेड, टाटा स्टील लिमिटेड, टेगा इन्ड्रस्टीज लिमिटेड, नेटको फार्मा लिमिटेड और डॉ. रेड्डी लैबोरेट्रीज।

5. एकस्व अधिनियम व नियमों के तहत विविध कार्यवाहियाँ

(क) परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में आविष्कार: एकस्व अधिनियम, 1970 की धारा 4 के तहत आलोच्य वर्ष के दौरान 78 आवेदन परमाणु ऊर्जा विभाग को प्रेषित किए गए जिनमें से 42 आवेदन वर्ष के दौरान सामान्य शासकीय कार्यवाही के तहत प्रक्रियागत करने के लिए अनुमत्त हुए तथा 29 आवेदन अब भी परमाणु ऊर्जा विभाग के समक्ष विचारार्थ लंबित हैं तथा 7 आवेदन को परमाणु ऊर्जा विभाग ने अस्वीकृत कर दिया जिसके फलस्वरूप उन पर एकस्व अधिनियम,1970 की धारा 4 लागू हुई।

(ख) धारा 11क के तहत एकस्व आवेदनों का प्रकाशन: वर्ष के दौरान धारा 11क के तहत 26159 आवेदन प्रकाशित किए गए जिनमें शीघ्र प्रकाशन हेतु 1413 आवेदन शामिल हैं।

प्रकाशित एकस्व आवेदनों की संख्या का वर्ष के अनुसार विवरण निम्नवत् हैं।

वर्ष	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	कुल
धारा 11क के तहत प्रकाशन	39821	33328	32213	26422	24746	131784
शीघ्र प्रकाशन	928	977	1153	1331	1413	4389
कुल	40749	34305	33366	27753	26159	136173

(ग) अनुदानपूर्व आपत्ति [धारा 25(1) के तहत]: वर्ष के दौरान इस धारा के तहत आपत्ति के रूप में 262 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 34 अनुदानपूर्व आपत्तियों का निष्पादन वर्ष के दौरान कर दिया गया।

(घ) अनुदानोत्तर आपत्ति [धारा 25(2) के तहत]: वर्ष के दौरान, 14 अनुदानोत्तर आपत्तियाँ दाखिल की गई। 7 अनुदानोत्तर आपत्तियों का निष्पादन वर्ष के दौरान कर दिया गया और 162 अनुदानोत्तर आपत्तियाँ निष्पादन हेतु लंबित रहीं।

(ङ) गोपनीयता निदेश (धारा 35 के तहत): वर्ष के दौरान **33 एकस्व** आवेदन रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन को प्रेषित किए गए। **12** आवेदन लंबित रहे और **21** आवेदनों को रक्षा मंत्रालय द्वारा सामान्य कार्रवाही हेतु अनुमत किया गया।

(च) अनुमति (धारा 39 के तहत): भारत से बाहर आवेदन दाखिल करने की अनुमति का अनुरोध करते हुए **3690** आवेदन दाखिल किए गए जिसमें से **3681** को अनुमति प्रदान की गई।

(छ) व्यपगत एकस्व का प्रत्यावर्तन (धारा 60 के तहत): **एकस्व** के प्रत्यावर्तन के लिए **342** आवेदन प्राप्त हुए तथा 181 आवेदन प्रत्यावर्तित किए गए।

(ज) समनुदेशन, मोर्गेज, लाइसेंस आदि (धारा 68 तथा 69 के तहत): दस्तावेजों के पंजीकरण के लिए कुल **2098** गागले प्राप्त किए गए जिनमें रो **1685** गागलों का निपटान प्रतिवेदन वर्ष के दौरान कर दिया गया।

(झ) जारी एकस्व (धारा 146 के तहत): प्रतिवेदन वर्ष के दौरान **एकस्व** कार्यालय ने 27946 फॉर्म-27 प्राप्त किए जिनमें से 6201 के जारी रहने के रूप में दर्शाया गया था।

	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13
प्रवृत्त एकस्व	37334	39594	39989	**43920**
प्राप्त फॉर्म-27	24009	34112	27825	**27946**
जारी रहने के रूप में दर्शाया हुआ	4189	6777	7431	**6201**

(ञ) अनिवार्य लाइसेंस (धारा 84, 92 तथा 92-क के तहत): प्रतिवेदन वर्ष के दौरान अनिवार्य लाइसेंस हेतु एक आवेदन प्राप्त हुआ।

(ट) एकस्व का प्रतिसंहरण (धारा 66 के तहत): अधिनियम की धारा 66 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार ने मेसर्स अवेस्थागन लिमिटेड को अनुदानित एकस्व संख्या 252093 का प्रतिसंहरण **एकस्व** अधिनियम,1970 की धारा 66 के तहत किया क्योंकि उसे सर्वसाधारण पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला माना गया ।

(ठ) सूचना (धारा 153 के तहत): वर्ष के दौरान एकस्व नियम, 2003 के नियम 134 में यथा प्रदत्त इस अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत **एकस्व** संबंधी सूचना की आपूर्ति करने के लिए **एकस्व** कार्यालय ने **541** अनुरोध प्राप्त किए।

(ड) अनुलिपि एकस्व (धारा 154 के तहत): कुल **16** अनुरोध प्राप्त हुए तथा 16 का निपटारा कर दिया गया।

(ढ) एकस्व अभिकर्त्ताओं का पंजीकरण: वर्ष के दौरान एकस्व अभिकर्त्ता के नवीन पंजीकरणों की संख्या 5 रही। 31 मार्च 2013 तक पंजीकृत एकस्व अभिकर्त्ताओं की कुल संख्या 1584 थी।

6. राजस्व एवं व्यय:

एकस्व कार्यालय ने अधिनियम एवं नियमों के तहत विभिन्न कार्यवाहियों से शुल्क के रूप में **रू.170.48 करोड़** का राजस्व अर्जित किया। वर्ष के दौरान तदनुरूपी व्यय (अभिकल्प प्रशासन सहित) **रू. 25.33** करोड़ रहा। एकस्व मद में शुल्क के रूप में अर्जित राजस्व का विवरण **परिशिष्ट-छ** में दिया गया है।

7. सामान्य सूचना

एकस्व कार्यालय, कोलकाता तथा मुम्बई, दिल्ली एवं चेन्नई स्थित उसके शाखा कार्यालयों के वैज्ञानिक तथा तकनीकी पुस्तकालयों ने जनता को परामर्श तथा संदर्भ कार्य के लिए सुविधा प्रदान की। सुविधाओं का विभिन्न अनुसंधान व औद्योगिक संस्थानों के आविष्कारक तथा अन्य जनता के साथ साथ विभिन्न विश्वविद्यालयों में अनुसंधानरत विद्वानों ने और अधिक उपयोग किया।

वर्तमान में एकस्व कार्यालय सीडी-रोम्स, पुस्तकें और जर्नल के अतिरिक्त वैज्ञानिक और तकनीकी ई-जर्नल प्राप्त करता है। भारत और विदेश में **एकस्व** कार्यालयों के **एकस्व** विनिर्देश और अन्य प्रकाशनों के माध्यम से अन्वेषण संचालित करने हेतु **एकस्व** कार्यालय के पुस्तकालय में लगभग **3,347** व्यक्ति आए। इन कार्यालयों के अन्वेषण कक्ष तथा पुस्तकालयों का सगीचीन उपयोग वैज्ञानिकों/तकनीशियनों इत्यादि ने किया।

सर्वसाधारण ने भी एकस्व कार्यालय द्वारा प्रदत्त निःशुल्क ऑनलाइन इंटरनेट अन्वेषण सुविधा का लाभ उठाया।

8. सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचना

वर्ष के दौरान, सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना उपलब्ध कराने के लिए 286 अनुरोध प्राप्त हुए और अधिनियम के तहत प्रदत्त समय-सीमा के अनुसार सभी अनुरोधों पर उपयुक्त कार्रवाई की गई।

परिशिष्ट- क(1)

परीक्षकों की कुल नियोजित शक्ति का विषयवार विवरण

क्र.सं.	विषय	परीक्षकों की संख्या
01	जैव रसायन	09
02	जैव तकनीकी	14
03	जैव चिकित्सीय अभियंत्रणा	08
04	रसायन	42
05	सिविल अभियंत्रणा	06
06	कम्प्यूटर एवं आई टी अभियंत्रणा	23
07	वैद्युतिक व इलेक्ट्रॉनिक्स	41
08	यांत्रिकी	22
09	धातुकर्म	08
10	माइक्रोबायोलॉजी	10
11	भौतिकी	05
12	पॉलीमर	07
13	वस्त्र	06
	कुल	201

परिशिष्ट "ख"

वर्ष 2011-12 की तुलना में 2012-13 में दाखिल किए गए एकस्व आवेदन
उद्‌गम राज्य/राष्ट्र के अनुसार वर्गीकृत

राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	साधारण		कन्वेंशन		राष्ट्रीय फेज आवेदन	
	2012-13	2011-12	2012-13	2011-12	2012-13	2011-12
